**पहल** | 75 सौ ऑटो रिक्शा का किया जाएगा सत्यापन, बनाया जाएगा डेटाबेस, 37 ऑटो रिक्शा में लगाए गए स्टीकर

# डेटाबेस स्टीकर से सुरक्षित होगा ऑटो से सफर

**नवभारत, कटनी।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और बाहर से आने वाले लोगों की सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस ने ऑटो और ई-रिक्शा चालकों के लिए सत्यापन और डेटाबेस अभियान शुरू किया है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के नेतृत्व में शुरू हुई इस पहल के तहत चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, वहीं सत्यापित वाहनों पर विशेष डेटाबेस स्टिकर लगाकर भरोसेमंद और सुरक्षित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। यह अभियान सिर्फ कार्रवाई नहीं, बल्कि सुधार, संवाद और सहयोग पर आधारित एक सकारात्मक कदम है। अभियान की शुरुआत मुख्य रेलवे स्टेशन जंक्शन परिसर



से हुई, जहां चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया और पहले दिन 37 ऑटो वाहनों पर डेटाबेस स्टिकर लगाए गए। ऑटो और ई-रिक्शा चालकों के लिए शुरू किए गए इस विशेष अभियान की शुरुआत आज मुख्य रेलवे स्टेशन जंक्शन परिसर में जागरूकता कार्यक्रम के साथ की गई। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा स्वयं मौजूद रहे और उन्होंने चालकों से सीधा संवाद किया। एसपी ने ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित स्थान पर वाहन खड़ा करने और यात्रियों से मर्यादित व्यवहार करने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने में चालकों की भूमिका बेहद अहम है। अभियान के पहले दिन 37 ऑटो वाहनों पर विशेष 'डेटाबेस स्टिकर' लगाए गए। यह स्टिकर पुलिस द्वारा सत्यापित चालकों को ही दिए जा रहे हैं, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और भरोसेमंद सेवा मिल सके। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कटनी शहर में करीब 7500 ऑटो और ई-रिक्शा पंजीकृत हैं। इन सभी वाहनों का चरणबद्ध तरीके से पुलिस सत्यापन किया जा रहा है, ताकि अवैध और बिना अनुमति चल रहे वाहनों पर रोक लगाई जा सके। हर सत्यापित वाहन के पीछे लगाए जाने वाले स्टिकर में चालक का मोबाइल नंबर, वाहन का पंजीकरण क्रमांक, पुलिस सहायता केंद्र का नंबर और आपातकालीन संपर्क नंबर दर्ज रहेगा। इससे जरूरत पड़ने पर यात्री तत्काल पुलिस से संपर्क कर सकेंगे। यह व्यवस्था खास तौर पर महिलाओं और बाहर से आने वाले यात्रियों के लिए सुरक्षा की भावना बढ़ाएगी। किसी तरह के दुर्व्यवहार या सामान गुम होने की स्थिति में यात्री स्टिकर पर दी गई जानकारी के माध्यम से पुलिस को तत्काल सूचना दे सकेंगे। एसपी ने साफ किया कि यह अभियान चालकों पर दबाव बनाने या केवल चालान काटने के लिए नहीं है। इसका मुख्य उद्देश्य सुधार और जागरूकता है, ताकि चालक जिम्मेदारी के साथ सेवा दें। जो ऑटो और ई-रिक्शा चालक यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करेंगे और यात्रियों के साथ अच्छा व्यवहार करेंगे, उन्हें पुलिस प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। इससे चालकों को सकारात्मक संदेश मिलेगा। शहर के प्रमुख चौराहों पर बेतरतीब खड़े ऑटो और बढ़ते ट्रैफिक दबाव के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनती है।



## केन्द्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने बोला हल्ला

**मनरेगा का नाम बदलने पर विरोध-प्रदर्शन**

**नवभारत, कटनी।** केंद्र सरकार के मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार लोगों के भले के लिए नई योजनाएं लाने के बजाय सिर्फ पुरानी योजनाओं के नाम बदलने की राजनीति कर रही है। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस के समय शुरू हुई योजनाएं आज भी गरीबों का सबसे बड़ा सहारा हैं, लेकिन सरकार अपनी कमियां छिपाने के लिए इनका स्वरूप बदलना चाहती है। कांग्रेस का कहना है कि नाम बदलने से इस योजना की मूल भावना और गांव की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ेगा। नाम न बदलने और बेरोजगारी दूर करने की मांग राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में कांग्रेस ने मांग की है कि मनरेगा की पहचान के साथ कोई छेड़छाड़ न की जाए। इसके साथ ही उन्होंने देश में बढ़ती बेरोजगारी को खत्म करने के लिए सख्त कदम उठाने की बात भी कही। कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल तैनात रहा। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने अपना फैसला नहीं बदला, तो वे आगे और बड़ा आंदोलन करेंगे। विरोध प्रदर्शन के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, महिला कांग्रेस से रजनी वर्मा सहित कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही।

### एक नजर में



## आनंद मिश्रा बने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष

**नवभारत, उमरियापान।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन पर आनंद मिश्रा को ढीमरखेड़ा ब्लाक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मंशा के अनुरूप कार्य करेंगे । उनसे यह अपेक्षा की गई है कि वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों, सिद्धांतों और संगठनात्मक अनुशासन का पालन करते हुए ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। ढीमरखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष आनंद मिश्रा सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में उनकी लगातार सहभागिता रही है। उनकी नियुक्ति पर उमरियापान, सिलौड़ी और ढीमरखेड़ा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

## जिले में 15 जनवरी तक होगी कुटकी की खरीदी

**नवभारत, कटनी।** रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर जिले के इतिहास में किसानों से पहली बार हो रहे कोदो-कुटकी के उपार्जन में जिले में अब तक 22 किसानों से 186 क्विंटल कोदो का उपार्जन किया जा गया है। जबकि कोदो उपार्जन के विरूद्ध किसानों को 4 लाख 64 हजार 964 रूपए का भुगतान किया जाएगा। उपार्जित कोदो का शत-प्रतिशत परिवहन किया जा गया है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में किसानों की सुविधा के लिए कोदो कुटकी का उपार्जन मप्र राज्य वेयर हाउस, मझगंवा, बड़वारा के उपार्जन केन्द्र पर किया जा रहा है। इस उपार्जन केंद्र का संचालन संगम बीडी कृषक उत्पादक संगठन द्वारा किया जाएगा। 309 किसानों ने पोर्टल पर अपनी फसल बेचने के लिए पंजीयन कराया है।

## बड़वारा को नगर परिषद बनाए जाने की मांग

**नगर परिषद बनाए जने से होगा बड़वारा का विकास**

**नवभारत, कटनी।** जिले के बड़वारा क्षेत्र को नगर परिषद का दर्जा दिलाने की मांग की गई है। सोमवार को समाज सेवा विकास संस्था बड़वारा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम नायब तहसीलदार अनुराधा सिंह को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि सर्वाधिक राजस्व देने के बावजूद बड़वारा का विकास पिछड़ा हुआ है। ज्ञापन सौंपने पहुंचे समाजसेवी मैना सिंह ने बताया कि बड़वारा मुख्यालय से सरकार को प्रति वर्ष करोड़ों रुपए का राजस्व प्राप्त होता है। यहां दो बड़ी सीमेंट फैक्ट्रियां और दर्जनों खदानें संचालित हैं।



आबादी, क्षेत्रफल और रोजगार के अवसरों के मामले में बड़वारा नगर परिषद बनने की सभी पात्रताएं पूरी करता है। मैना सिंह ने आगे कहा कि उचित प्रशासनिक दर्जे के अभाव में यह क्षेत्र विकास से वंचित है। उन्होंने मांग की कि बड़वारा ग्राम पंचायत को जल्द से जल्द नगर परिषद का दर्जा दिया जाए। समाजसेवी राजाराम पटेल ने नगर परिषद की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत के पास संसाधनों की कमी है। नगर परिषद बनने से स्थानीय स्तर पर दमकल जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जो वर्तमान में आगजनी की स्थिति में जिला मुख्यालय से आने में देरी होने के कारण नुकसान को बढ़ा देती हैं। उन्होंने बताया कि नगरीय निकाय का दर्जा मिलने से बिजली और पानी की निकासी की आधुनिक व्यवस्था संभव हो सकेगी।

## मदन मोहन चौबे वार्ड में 13 लाख की लागत से कराए जाएंगे निर्माण कार्य

**नवभारत, कटनी।** नगर विकास के क्रम में मदन मोहन चौबे वार्ड में नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर करने के उद्देश्य से रविवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य और क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सुशीला मिश्रीलाल सहित स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में लगभग 13 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन कराया गया है। वार्डों की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त कर नगर के समुचित विकास के लिए संपन्न भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान भूमि प्रगट शारदा माता मंदिर के पास लगभग 2 लाख 50 हज़ार की लागत से रोड निर्माण कार्य, मदन मोहन चौबे वार्ड के विभिन्न स्थानों में 5 लाख रूपए की लागत से नाला कवरिंग कार्य सहित बंधवा टोला क्षेत्र में कुंआ



के पास 6.50 लाख रूपये की लागत से नाली निर्माण के विकास कार्य शामिल है। इन विकास कार्यों से क्षेत्र में आवागमन सुविधा बेहतर होगी और जल निकासी की समस्या के समाधान होने से स्थानीय लोगों को सफाई व्यवस्था भी मिल सकेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों ने महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और क्षेत्रीय पार्षद को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। स्थानीय नागरिकों ने वार्ड में कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए नगर निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हमारी प्राथमिकता में शामिल है। विकास कार्य अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है, नागरिकों की प्राथमिकता और सुविधाओं को देखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा आगे भी विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे। इस दौरान क्षेत्रीय नागरिकों से विकास कार्य में नगर निगम प्रशासन का सहयोग करने के लिए भी कहा गया।

साथ ही क्षेत्रवासियों से वार्ड में सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा गया। वार्ड वासियों से घर से निकले कचरे को नगर निगम की कचरा संग्रहण करने वाली कचरा गाड़ी में देने के लिए भी कहा गया है। उन्होने कहा कि सफाई व्यवस्था बेहतर रहने से शहर को स्वच्छता की रैंकिंग में भी बेहतर स्थान मिलेगा। हम सबका कर्तव्य कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखें।

## सीमेंट प्लांट के बाहर रोजगार के लिए परिवार सहित बैठा मजदूर

**जेके सीमेट प्रबंधन पर मजदूर ने लगाए आरोप**

**नवभारत, कटनी।** जिले के रूपौद स्थित जेके व्हाइट सीमेंट प्लांट के मुख्य द्वार पर सोमवार दोपहर एक श्रमिक ने अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ धरना शुरू कर दिया। श्रमिक का आरोप है कि कंपनी प्रबंधन और स्थानीय पुलिस ने उसे झूठे मामले में फंसाया था, और अब जेल से रिहा होने के बाद उसे काम पर वापस नहीं लिया जा रहा है।

धरने पर बैठे श्रमिक प्रदीप रजक ने बताया कि वह 2016 से



प्लांट में कार्यरत था। उनके अनुसार, उन्होंने मजदूरों के शोषण और उनके अधिकारों के हनन के खिलाफ आवाज उठाई थी। इसी बात से नाराज होकर कंपनी प्रबंधन ने कथित तौर पर 13 मई 2025 को बड़वारा पुलिस के साथ मिलकर उन्हें धारा 151 के तहत झूठे मुकदमे में फंसाया, जिसके कारण उन्हें जेल जाना पड़ा। प्रदीप रजक का कहना है कि जेल से बाहर आने के बाद उन्होंने कई बार काम पर लौटने का प्रयास किया, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी उन्हें प्लांट में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके परिवार के सामने अब भुखमरी की स्थिति है और यदि उन्हें वापस काम पर नहीं रखा गया, तो उनके पास सपरिवार आत्मदाह करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए बड़वारा पुलिस मौके पर पहुंची। गेट के बाहर प्रदर्शन की सूचना पहुंची पुलिस टीम ने पर बैठे परिवार को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, श्रमिक अपनी मांग पर अड़ा हुआ है कि जब तक उसे नौकरी पर वापस नहीं लिया जाता, वह प्लांट के गेट से नहीं हटेगा।

## घुघरा की क्रिकेट टीम ने पटौंहा को 9 विकेट हराया

**रीठी में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन**

**नवभारत, रीठी।** जिले के रीठी में हुआ श्रृद्धांजलि कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ खेल मैदान में आयोजित किए जा रहे बहोरीबंद विधानसभा स्तरीय स्वर्गीय सागर धुव्र और स्वर्गीय विवेक जैन की स्मृति में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 20 दिसंबर से पांच जनवरी तक स्थानीय खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के सहयोग से किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ सागर धुव्र के माता पिता और विवेक जैन के



छोटे भाई, भतीजे द्वारा ट्राफियों का अनावरण कर किया गया।

इस के बाद उद्घाटन मैच ग्राम घुघरा भटिया और पटौंहा के बीच खेला गया। जिसमें घुघरा भटिया ने शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पटौंहा को 9 विकेट से हराया। इस दौरान पूर्व जनपद अध्यक्ष अर्पित अवस्थी, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नदीम अहमद, रीठी के त्यौहार के संयोजक गणेश तिवारी, एमएम स्पोर्ट्स के संचालक मुकेश चतुर्वेदी, अमित सिंह सहित अन्य की उपस्थिति रही।

## तनाव को कम और कार्यक्षमता को बढ़ाता है योग

**जिले के सभी थानों में किया गया ध्यान शिविर का आयोजन**

**नवभारत, कटनी।** जिले के सभी थानों, पुलिस लाइन कटनी और पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए सामूहिक ध्यान शिविरों का आयोजन किया गया। इन ध्यान शिविरों का उद्देश्य पुलिस बल को मानसिक रूप से मजबूत बनाना, तनाव को कम करना, कार्यक्षमता में वृद्धि करना और जीवन में सकारात्मकता सहित शांति का समावेश करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत हार्टफुलनेस संस्था के



प्रशिक्षकों की उपस्थिति में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी हार्टफुलनेस मुख्यालय कान्हा शांतिवनम् से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जूम के माध्यम से जुड़कर ध्यान अभ्यास में सहभागी बने। मुख्य ध्यान सत्र पुलिस लाइन कटनी परिसर में सुबह साढ़े 9 बजे से 11 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें जिले भर से ऑनलाइन माध्यम से जुड़े पुलिस कर्मियों ने सहभागिता की। ध्यान सत्र के दौरान आत्मिक शांति, सकारात्मक सोच, मानसिक सुदृढ़ता एवं आंतरिक ऊर्जा का अनुभव कराया गया।

## दोपहर तीन बजे आते हैं ऑपरेटर, छात्रों को नहीं मिल रहा शिविर का लाभ

**आधार कार्ड अपडेट पंजीयन के लिए लगाए जा रहे हैं शिविर**

**नवभारत, उमरियापान।** कलेक्टर के निर्देश पर छात्र छात्राओं और आम जनता के लिए 12 दिसंबर से 24 दिसंबर तक उप तहसील भवन में आधार कार्ड पंजीयन शिविर लगाने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन अभी तक सिर्फ 2 या 3 दिनों तक ही आधार कार्ड पंजीयन शिविर लगाए गए हैं। छात्र-छात्राएं पढ़ाई बंद कर प्रतिदिन आधार कार्ड पंजीयन शिविर में लाइन लगा रहे है, लेकिन कुछ भी कार्य नही होने से



वे परेशान हो रही हैं। आधार कार्ड पंजीयन नही होने से लोग निराश हो रहे है। लोगो ने नायब तहसीलदार और एसडीएम से भी शिकायत की है, लेकिन कोई भी करवाई नही होने से समस्या जस की तस बनी हुई है। आधार कार्ड पंजीयन आपरेटर अपनी मनमर्जी से दोपहर 3 बजे आते है ।

जिसके कारण छात्र-छात्राओं को अपने घर वापस चले जाने के कारण आधार कार्ड पंजीयन शिविर का लाभ नहीं मिल पा रहा है। आम जनता ने प्रशासन से निर्धारित समय पर आधार कार्ड पंजीयन शिविर चालू कराने की मांग की है, ताकि शिविर का लाभ मिल सके।

**आयोजन** | सायना इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित किया गया 12वीं के छात्रों का विदाई समारोह

## यह परिवर्तन का युग है, हमें वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए सजग रहना होगा

**नवभारत, कटनी।** सायना इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 12वीं के छात्रों की विदाई समारोह सायना के प्राचार्य डॉ आदित्य कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सायना किड्स प्रभारी डॉ भारती शर्मा, प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि ऋषि अरोरा सहित सायना स्कूल के स्टाफ की उपस्थिति रही। कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं ने 12वीं के छात्र-छात्राओं का अभिनन्दन तिलक लगाकर और पुष्प देकर किया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों ने करतल ध्वनि से अतिथियों का अभिनंदन किया। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर




सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के बाद अतिथियों ने विदाई ले रहे छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न सहित उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिथि प्राचार्य डॉ आदित्य कुमार शर्मा ने कहा कि यह परिवर्तन का दौर है और हमें अपने आप को वैष्विक चुनौतियों से निपटने के लिए सजग रहना होगा। आपको अब आगे का उन्मुक्त आकाश मिलेगा लेकिन आपके पंखों में कितनी ताकत है यह आप तय करके ऊंचाइयों पर जाएंगे। उन्होने कहा कि सायना स्कूल से निकलने वाला हर विद्यार्थी सायना का एम्बेसडर है और मेरी आशा है कि वह सदैव अपने संस्कारों के साथ न सिर्फ अपनी प्रगति करे बल्कि एक आदर्श नागरिक भी बने। सायना के हैड बॉय रनवीर सिंह और स्कूल कैप्टन वंशिका वाजपेयी ने अपने लंबी स्कूल यात्रा का उल्लेख करते हुए सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

वरिष्ठ शिक्षक राज शुक्ला, हेडमास्टर डॉ लोकेश दुबे ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा अपना लक्ष्य खुद तय करो और प्रयास करो, तुम गिरोगे फिर उठना, फिर गिरोगे फिर उठना लेकिन झुकना मत-थकना मत, लगातार चलते रहना और लक्ष्य प्राप्त करना। हेडमास्टर कमल सरेचा ने कक्षा 12 वीं के प्रत्येक विद्यार्थी की विशेषताओं का उल्लेख कर खूब तालियां बटोरी। गीत-संगीत और नृत्य की प्रस्तुति के बाद शिक्षकों, अभिभावकों द्वारा भेजे गए शुभकामना संदेश की वीडियो क्लिप का प्रदर्शन किया गया। जिसमें बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए वार्षिक परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने के लिए प्रेरित किया गया था। जिसके बाद कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों और अतिथियों के साथ कैंडिल जला कर ज्ञान के प्रकाश को विस्तारित करने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान राममोहन सिंह, देवराज नागर, प्रिंस सिंह, आदित्य वीर सिंह, वैभव सिंह और आयुष सिंह ने सहित अन्य की उपस्थिति रही।

## किसान 31तक करा सकते हैं रबी फसलों का बीमा

**नवभारत, कटनी।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसलों का बीमा कराने के लिए पंजीयन की प्रक्रिया शुरू है। इच्छुक किसान 31 दिसम्बर तक अपने पटवारी हल्के में अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते हैं। किसान कल्याण और कृषि विकास विभाग के उप संचालक डॉ आरएन पटेल ने बताया कि रबी मौसम में सभी अनाज, दलहन, तिलहन फसल के लिए बीमित राशि का अधिकतम 1.5 प्रतिशत मात्र प्रीमियम किसाना द्वारा देय है। ऋणी कृषकों ने जिस बैंक से फसल ऋण लिया है वह उस बैंक में अपना बीमा करवाएं। जबकि अऋणी कृषक, 31 दिसम्बर 2025 तक किसान क्रेडिट कार्ड पर फसल ऋण प्रदायकर्ता बैंको, सहकारी समितियों और अऋणी किसान बैंक, जन सेवा केंन्द्र, ग्राम पंचायत स्तर पर जन सेवा केंन्द्र के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। बीमा कराने के लिए किसानों को घोषणा पत्र, आधार कार्ड, जमीन सिकमी होने पर शपथ पत्र, ऋण पुस्तिका सहित अन्य दस्तावेज देने होंगे।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024